भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

मंत्रिमंडल हेतु मासिक सारांश मई, 2024

माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियाँ:

1. प्रमुख कार्यक्रमों की प्रगति:

1.1 एचडब्ल्यूसी पोर्टल पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा रिपोर्ट के अनुसार, 1.80 लाख कार्यशील आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (तत्कालीन आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्र) के संशोधित लक्ष्य के सापेक्ष, 31.05.2024 तक **1,73,137** आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) कार्यशील हो चुके हैं। वर्ष 2024 में इन एएएम पर 277.68 करोड़ से अधिक लोगों ने सेवा का लाभ लिया। 31.05.2024 तक की स्थिति के अनुसार, योग सहित 3.53 करोड़ आरोग्य सत्र आयोजित किए गए, 78.54 करोड़ उच्च रक्तचाप जांच, 69.04 करोड़ मधुमेह जांच, 46.67 करोड़ मुख-कैंसर जांच, 21.47 करोड़ स्तन कैंसर जांच, 14.24 करोड़ ग्रीवा कैंसर जांच और 24.02 करोड़ टेली-परामर्श संचालित किए गए हैं। रिर्पोटाधीन माह में, 314 नए एएएम कार्यशील किए गए हैं।

1.2 राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत, 17 चिह्नितराज्यों में कुल **3,23,48,965** व्यक्तियों की जांच की गई है और 31.05.2024 तक कुल 1,07,72,432 सिकल सेल कार्ड वितरित किए गए हैं। रिर्पोटाधीन माह में, सिकल सेल एनीमिया के लिए 33,12,054 व्यक्तियों की जांच की गई है।

1.3 प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) का शुभारंभ 15 नवंबर, 2023 को जनजातीय गौरव दिवस पर माननीय प्रधानमंत्री द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के परिवारों और बस्तियों को बुनियादी सुविधाओं से परिपूर्ण करके उनकी सामाजिक-आर्थिक स्तर में सुधार करना है। पीएम जनमन के तहत, 31.05.2024 तक 16 राज्यों के पीवीटीजी क्षेत्रों में 400 एमएमयू के लक्ष्य के सापेक्ष **476 मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू)** कार्यशील हैं।

2. विविध:

2.1 सचिव (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण) की अध्यक्षता और भारत में नॉर्वे के राजदूत की सह-अध्यक्षता में 01.05.2024 को एनएलपीएल चरण- IV के लिए नॉर्वे भारत भागीदारी पहल (एनआईपीआई) और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

2.2 भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस (डब्ल्यूएनटीडी) 2024 के आवासर पर 31 मई, 2024 को एक हाइब्रिड कार्यक्रम आयोजित किया। इस वर्ष का विषय "बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना", युवाओं को तंबाकू उद्योग के हानिकारक प्रभावों से बचाने की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है।

2.3 विश्व स्वास्थ्य सभा 27 मई, 2024 से 1 जून 2024 तक जिनेवा में आयोजित की गई थी। 77वें डब्ल्यूएचए का विषय था "**सब स्वास्थ्य के लिए, सबके लिए स्वास्थ्य**"। डब्ल्यूएचए के तीन समानांतर सत्र रहे:

i. पूर्ण सत्र
ii. समिति क
iii. समिति ख

सचिव (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण), भारत सरकार को समिति क के अध्यक्ष के रूप में चुना गया। 77वीं विश्व स्वास्थ्य सभा का विषय ""सब स्वास्थ्य के लिए, सबके लिए स्वास्थ्य" भारत के आधारभूत मूल्यों और लोकाचार "वसुधैव कुटुम्बकम" अर्थात "विश्व एक परिवार है" के साथ संरेखित है।

समिति 'क' विश्व स्वास्थ्य सभा में प्रमुख और अग्रणी समिति है, जो सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज, जन स्वास्थ्य संबंधी आपातकालीन तैयारी और अनुक्रिया, रोगाणुरोधी प्रतिरोध, जलवायु परिवर्तन और डब्ल्यूएचओ के लिए सतत वित्तपोषण को शामिल करने वाले विभिन्न कार्यक्रम संबंधी विषयों पर चर्चा की सुविधा प्रदान करती है।

समिति 'क' में भारत का नेतृत्व वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था में इसके बढ़ते प्रभाव को रेखांकित करता है। इस समिति का नेतृत्व करके भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य से संबंधित चर्चाओं और निर्णयों को सक्रिय रूप से आकार देता है। भारत का नेतृत्व इसे नीतियों और दिशानिर्देशों के निर्माण में योगदान करने की अनुमति देता है। इन निर्णयों से दुनिया भर में स्वास्थ्य प्रणालियों, रोग नियंत्रण और आपातकालीन अनुक्रियाओं पर प्रभाव पड़ता है, जिससे इस एलएमआईसी के लिए साम्यता का पत्र करते हुए वैश्विक स्वास्थ्य के भविष्य को आकार देने की स्वीकृति मिलती है।

*****